Title: Need for doubling and electrification of Jhansi-Banda,Banda-Mankipur and Banda-Kanpur railway routes.

श्री महेन्द्र प्रसाद निााद (फतेहपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद-फतेहपुर मेरा संसदीय क्षेत्र है जो दो जनपद में विभक्त है, बांदा और फतेहपुर। जनपद बांदा उत्तर प्रदेश के पिछड़े जनपदों में एक है जो बुन्देलखंड क्षेत्र में पड़ता है। आज के आधुनिक युग में भारत के नव निर्माण में आवागमन की सुविधा का होना आम नागरिक के लिए बहुत जरूरी है। वैसे तो पूरा बुन्देलखण्ड हर मामले में पिछड़ा है ही लेकिन रेल भी इससे अछूता नहीं है। झांसी से बांदा, बांदा से माणिकपुर एवं बांदा से कानपुर रेल लाइन की कमी एवं रेल लाइन का दोहरीकरण नहीं होने के कारण समय से ट्रेन का परिचालन नहीं हो पाता है जिससे आम जन जीवन पर गहरा असर पड़ता है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि पूरे बुन्देलखण्ड के विकास के लिए झांसी से बांदा, बांदा से माणिकपुर एवं बांदा से कानपुर रेल ट्रैक को दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण करने का कट प्रदान करें जो जनहित में अति आवश्यक है।

<u>15.00 hrs.</u>

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri A. Krishnaswamy - not present

Shri Shivraji Adhalrao Patil − not present.

Shri Bir Singh Mahato.− not present.